## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 3900 जैविक क्लस्टर, नमामि गंगे में 42 ग्राम जैविक खेती के लिए चयनित

**निर्देश**

## जंगली जानवरों से खेती को नुकसान से रोकने और ऐरोमैटिक पौधों की खेती पर विशेष फोकस के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश को जैविक प्रदेश बनाने हेतु संचालित योजना में वर्ष 2018–19 से वर्ष 2020–21 तक के लिए 3900 कलस्टरों का चयन किया गया। नमामि गंगे के तहत गंगा किनारे बसे ग्राम पंचायतों में जैविक कृषि को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि गंगा नदी के जल को प्रदूषित होने से रोका जा सके। योजना के प्रथम चरण में वर्ष 2017–18 से गंगा बेसिन पर बसे 5 जनपदां के 42 ग्रामों को चयनित किया गया। इनमें 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

जनपद हरिद्वार 10000 है०, टिहरी 20000 है०, चमोली 5000 है०, उत्तरकाशी 5000 है०, रुद्रप्रयाग 5000 है०, पौडी 4500 है० एवं देहरादून 500 है० को लिया गया है। लगभग 1,25,000 कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा।

बैठक में सचिव हरबंस सिंह चुघ,



विशेष सचिव मुख्यमंत्री डा. पराग मधुकर धकाते, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार के कुलपति डा. अजीत कुमार कर्नाटक सहित विभागीय अधिकारी और वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**किसान सम्मान निधि में 8.57 लाख किसान लाभान्वित, 1444 फार्म मशीनरी बैंक स्थापितः** बैठक में बताया गया कि किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत पात्र 8.74 लाख कृषकों मे से 8.57 लाख कृषको को 852.04 करोड का भुगतान किया गया है। वर्ष 2017–18 से अब तक 230 कस्टम हायरिंग सेन्टर, 1444 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित हुए हैं। खाद्यान उत्पादन वृद्धि के लिए प्रदेश को निरन्तर 2 वर्ष भारत सरकार से प्रशंसा एवं कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त हुआ है।

**परम्परागत कृषि विकास योजना में 1 लाख 95 हजार किसान लाभान्वितः** परम्परागत कृषि विकास योजना में 78000 है० क्षेत्रफल आच्छादित हुआ, 195000 कृषक लाभान्वित हुए। उत्तराखण्ड जैविक कृषि अधिनियम 2019 लागू किया गया है, जिससे जैविक कृषि को संगठित करने में सहायता प्राप्त होगी। वर्तमान में विभाग के प्रयास से यह क्षेत्रफल बढ़कर 1.54 लाख है० हुआ है।

**8.82 लाख कृषको को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्धः** वर्ष 2017–18 से वर्तमान तक जंगली जानवरों से खेती की सुरक्षा हेतु 94 गांव लाभान्वित हुये, जिनमें 101 कि०मी० घेरबाड की गयी। मृदा परीक्षण की संस्तुतियों को अपनाने से रू० 212 करोड़ लागत के 1.17 लाख मै० टन० उर्वरकां की कम खपत हुयी जिससे रू० 202.00 करोड़ अनुदान की बचत हुयी। उत्पादकता वृद्धि के साथ–साथ भूमि की उर्वरकता में भी सुधार हो रहा है। ¼i:Fke i:t dk 'k"k½

## न्यूज डायरी

### छोटे ठेकेदारों को मिले टेंडर में काम

**संवाददाता** डोईवाला। किसान कांग्रेस कमेटी डोईवाला ने सिचाई विभाग देहरादून के दिये गये टेंडरों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है और छोटे टेंडर बनाकर ठेकेदारों को कार्य दिये जाने की मांग की है। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष उमेद बोरा ने कहा है कि ग्राम पंचायत सिमलास ग्रांट, दूधरी व माजरी नहर में दिये गये टेंडर में दी गई अवधि चार माह है जिससे किसानों की सिंचाई बाधित होगी और साथ ही इस योजना में सिमलास ग्रांट में दो करोड 31 लाख रूपये के लगभग व दूधली में दो करोड 50 लाख रूपये की योजना का मात्र चार माह में टेंडर निकाले गये है जिससे क्षेत्रवासियों व लोकल व छोटे ठेकेदारों को लाभ नहीं मिल पा रहा है ए व बी क्लास के बाहरी ठेकेदारों को लाभ मिल पाये।

### प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया महामंत्री संगठन अजय कुमार ने

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर के कैंट विधानसभा में मंडल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आरंभ हुआ प्रथम उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्जवलित कर भारतीय जनता पार्टी महामंत्री संगठन अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास को विस्तार से जानकारी दी वाह भारतीय जन संघ की संघर्षपूर्ण विकास गाथा पर विचार रखें एवं भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने जो देश के निर्माण में अपनी जान लगाई उनका उल्लेख किया दो दिवसीय वर्ग में कुल 8 सत्र चलेंगे इसमें अलग–अलग 10 विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं प्रमुख कार्यकर्ता मंडल के पदाधिकारी व कार्यकारिणी शक्ति केंद्र संयोजक पार्षद गोविंद मोहन, रूमा देवी आदि उपस्थित थे।

### दिवाली 2020 के लिए बिकानो ने विशेष गिफ्ट पैक्स का अनावरण किया

**संवाददाता** देहरादून। त्योहार का सीजन शुरू हो चुका है। इसी के साथ प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड बिकानो ने अपने उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक गिफ्ट पैक्स की घोषणा की है। 17 अलग–अलग गिफ्ट पैकेज को सभी स्वादों और पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया हैं इनमें ब्रांड के सभी प्रीमियम उत्पाद जैसे कि मिठाई, नमकीन, भुजिया, सूखे मेवे और विशेष खाद्य पदार्थ भी शामिल है। रोशनी के त्योहार 'दिवाली' में प्रियजनों के बीच एक दूसरे को गिफ्ट देने की प्रथा होती है। यह दुनिया भर में भारतीयों के बीच प्रियजनों के साथ अच्छे रिश्ते के बंधन को शेयर करने का एक तरीका होता है। इस दौरान स्वाभाविक रूप से गिफ्ट बांटना और बधाइयाँ देना इस सर्वांगीण आनंदमय और हंसमुख वातावरण का हिस्सा होता है।

## पिथौरागढ के मास्टर ओजस पांडेय सहित पांच लोगों का हुआ चयन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। तमिलनाडु की एक संस्था द्वारा बीते स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय हिमालय को प्रोन्नत कर दुनिया के सामने लाने के लिए फेसबुक में आयोजित मानटेरिंग फोटो अपलोड करने प्रतियोगि में जिले से मास्टर ओजस पांडेस सहित पांच लोगों को जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र मिला है। बता दें कि इस प्रतियोगिता में जिले से मास्टर ओजस छह साज का बालक का नाम भी चयनित हुआ है। वही जिले के लोगों ने इस छह साल के बालक ओजस पांडेय के इस प्रतियोगिता में चयनित होने पर सराहना की है। जानकारी के मुताबिक इससे पूर्व छह साल के इस बालक ने अपने बचत गुल्लक को तोडकर उसने जो धनराशि एकत्र की थी उसे जिला रेडक्रास सोसाइटी को सौपी थी। वही दूसरी ओर यह बालक अपने जन्म दिन के अवसर के दिन जिले के गरीब व निसहाय लोगों को घर से खाना लेजाकर उन्हे बांट चुका है। प्रतियोगिता में मास्टर ओजस के पिता वासुदेच पांडेय व उनकी माता जीवती पांडेय व पर्वता रोही मनीष कसनियालका भी चयन हुआ है। इस प्रतियोगिमा में लगभग नौ सौ पिचानब्बे लोगों ने भागीदारी की थी। वही इन पांच लोगोंके रिकार्ड को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल कर लिया गया है। वही जिले के लोगों ने इस चयन पर खुशी जताई है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, पिथौरागढ़**

पत्रांक 2991 / निविदा /208 दिनांक 29 / 10 / 2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष,उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विकासखण्ड विण के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विभाग में पंजीकृत 'डी' श्रेणी (पाईप लाईन ) ठेकेदारों से निर्माण शाखा उत्तराखण्ड पेयजल निगम,पिथौरागढ़ में मुहरबंद निविदा दिनांक 07 / 11 / 2020 को अपरान्ह 15:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित तकनीकी अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा दिनांक 06 / 11 / 2020 सांय 16:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर राशि | निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तल्लीसार (रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 57,000,00 | | 60 दिन | |
| 2 | डुंगरी जोशी(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 66,000,00 | | 60 दिन | |
| 3 | सनघर (रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 66,000,00 | | 60 दिन | |
| 4 | सेलग्वानी (रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 47,000,00 | | 60 दिन | |
| 5 | घिमसु पुरगड़ा (रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 45,000,00 | 06/11/2020 16:00 बजे तक | 60 दिन | 2000.00+18% GST ठेकेदारी पंजीकरण प्रभाग पत्र सहित |
| 6 | तिलतड़(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 36,000,00 | | 60 दिन | |
| 7 | सिरड(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | मूनकोट | 63,000,00 | | 60 दिन | |
| 8 | रूईना(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | मूनाकोट | 45,000,00 | | 60 दिन | |
| 9 | पतलगांव(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 39,000,00 | | 60 दिन | |
| 10 | उखडी सेरी(रेट्रोफिटिंग) पे0यो0 | विण | 66,000,00 | | 60 दिन | |

(आर0एस0 धर्मशक्तु)
अधिशासी अभियन्ता


## अब मकान बनाने के लिए भवन मानचित्र पास कराना होगा अनिवार्य

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। जिले में अब शहरी क्षेत्रों के साथ ही राजमार्ग के दो सौ मीटर के अर्न्तगत आने वालेगांवों को भी अब विकास प्राधिकरण के दायरे में शामिल कर लिया गया है। बतादें कि प्राधिकरण के अर्न्तगत आने वाले लोगों को मकान बनाने के लिए मानचित्र पास करवाना अनिवार्य कर दिया गया है।

वही अब लोगों को भवन मानचित्र पास कराने के लिउ प्राधिकरण से जुडे तमाम दफतरों के अनावश्यक चक्कर नही काटने पडेगे। इससे पूर्व तमाम व्यवधानों से इलाके के लोगों को परेशान होना पडता था। सरकार ने अब भवन मानचित्र पास कराने



**राह हुई आसान**

राजस्व निरीक्षको दी गई जिममेदारी भवनों की जांच की

के लिए प्रक्रिया को और भी सरल करने के साथ प्लान पास कराने के लिए आनलाइन पास देने की तैयारी कर डाली है।

प्राधिकरण क्षेत्र में बन रहे भवनों की जांच अब राजस्व उपनिरीक्षकों के हवाले छोड दियागया है। अब तक जिन भवन स्वामियों ने बिना प्राधिकरण के इजाजत के बगैर भवन बना रखे है उनको जिला प्रशासन नोटिस भेज रहा है। वही इन भवन मालिकों को अब खासतौर पर स्वीकत मानचित्र से अलग भवन बननाने पर करावाई की मार झेलने को मजबूर होना पड सकता है। इन दिनों जिला प्रशासन इस खैर कदम के तहत सीमांत जिले के प्राधिकरण कर्मियों को प्रशिक्षित कर रहा है। वही अब भवन स्वामी को घर बैठे ही अपना भवन प्लान प्लान लाइन प्राधिकरण को सीधे उपलब्ध करा सकते है।

इस बारे में अपर जिलाअधिकारी आरडी पालीवाल ने बताया कि अब प्राधिकरण कर्मी स्पाट पर जाकर निरीक्षण कर पंद्रह दिन के भीतर प्लान को स्वीकृत करने के साथ एककदम आगे को कदम बडाने को तैयारी कर रहे है।

## अनुमति न मिलने पर स्थगित किया सचिवालय कूच

**संवाददाता** देहरादून। लंबे समय से शिक्षा निदेशालय में नियुक्ति की मांग को लेकर धरने व क्रमिक अनशन पर बैठे डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार ने उत्तराखंड क्रांति दल के नेतृत्व में शिक्षा सचिव आर मिनाक्षी सुंदरम से मिले तथा उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर अवगत कराया और शीघ्र नियुक्ति की मांग की। वहीं दूसरी ओर अनुमति न मिलने के कारण प्रशिक्षित बेरोजगारों ने सचिवालय कूच को स्थगित कर दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में प्रशिक्षित बेरोजगार शिक्षा सचिव से मिले और उन्हें अवगत कराया कि उत्तराखंड के डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी हो रही है। इस अवसर पर सेमवाल ने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी संस्थानों से डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार के समकक्ष दूसरे राज्यों के प्राइवेट डीएलएड कॉलेजों से डिग्री धारियों को लेकर खड़ कर दिया गया है।